AGTARAM PAN

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी फलोदी जिला जोधपुर

बईजलास यशपाल आहूजा (आर.ए.एस.)

राजस्व प्रार्थना पत्र 57/2018

अप्रार्थीगण

बनाम

1. तहसीलदार फलोदी

प्रार्थी

पुराम पुत्र बाबुराम
नोहरराम पुत्र बाबुराम
थुराम पुत्र शकरराम जाति
माली निवासी सदावता
हसील फलोदी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

उपस्थिति :–

1. सुमेरसिह चौहान प्रार्थीगण की और से

निर्णय

दिनांक :– 7/11/19

र्थीगण के प्रार्थना पत्र का सारांश इस प्रकार है कि सरहद ग्राम सदावतां में खसरा नं. 139 रकबा 27 बीघा 2 बिस्वा भूमि प्रार्थी सं. 3 के खातेदारी की स्थिति है सी खसरा में ख़सरा नं. 139/1 रकबा 11 बीघा 8 बिस्वा भूमि प्रार्थीगण सं. 1 व पिता बाबुराम के नाम से दर्ज स्थिति है। बाबूराम का स्वर्गवास हो चुका है। खसरा नं. 139 नक्शा में अविभाजित है खसरा नं. 139 में प्रार्थी सं. 3 की ढाणी टांका है खसरा नं. 139/1 प्रार्थीगण सं. 01 से 02 की ढाणियां हैं प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत नजरी नक्शा में मार्क A से B फलोदी कुण्डल डामर सड़क (भाखरिया ड़) दर्शित है गुजरती है उक्त सड़क से मार्क CसेD अनुसार खसरा नं. 127 में से क कदीमा रास्ता प्रार्थीगण के खेत खसरा नं. 139,139/1 तक चलता है। खसरा 127 की राजकीय भूमि में सरकारी स्कूल स्थित है जो C से D रास्ता के पास आया हुआ है प्रार्थीगण के बच्चों का स्कूल आने का तथा प्रार्थीगण के आवागमन का एक मात्र सुलभ व आत्यन्तिक रास्ता नजरी नक्शा में दर्शित मार्क C से D अनुसार है जिसे रास्ता में दर्ज करवाने हेतु प्रार्थीगण का यह प्रार्थना पत्र पेश है।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्ट्रर किया गया अप्रार्थी संख्या 01 को जरीये सम्मन तलब किया गया अप्रार्थी ने जबाब प्रार्थना पत्र पेश किया जो शामिल मिसल किया।

अधिवक्ता प्रार्थी की प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गयी अधिवक्ता प्रार्थी नें अपनी बहस में प्रार्थना पत्र के तथ्यो को दोहराते हुए बताया की सदावतां में खसरा नं. 139 रकबा 27 बीघा 2 बिस्वा भूमि प्रार्थी सं. 3 के खातेदारी की स्थिति है इसी खसरा में खसरा नं. 139/1 रकबा 11 बीघा 8 बिस्वा भूमि प्रार्थीगण सं. 1 व 2 पिता बाबुराम के नाम से दर्ज स्थिति है।खसरा नं. 139 में प्रार्थी सं. 3 की ढाणी टांका है खसरा नं. 139/1 प्रार्थीगण सं. 01 से 02 की ढाणियां हैं प्रार्थना पत्र के साथ

उपखण्ड अधिकारी
फलोदी (जोधपुर)

Scanned by CamScanner

TARAM BALWANTARAM, SUMER... Ram Vishnoi ... GODARA

स्तुत नजरी नक्शा में मार्क A से B फलोदी कुण्डल डामर सड़क (भाखरिया रोड़) र्शित है गुजरती है उक्त सड़क से मार्क C से D अनुसार खसरा नं. 127 में से एक दीमा रास्ता प्रार्थीगण के खेत खसरा नं. 139,139/1 तक चलता है। खसरा नं. 27 की राजकीय भूमि में सरकारी स्कूल स्थित है जो C से D रास्ता के पास आया आ है प्रार्थीगण के बच्चों का स्कूल आने का तथा प्रार्थीगण के आवागमन का एक त्र सुलभ व आत्यन्तिक रास्ता नजरी नक्शा में दर्शित मार्क C से D अनुसार है क्त रास्ता के अलावा प्रार्थी को उक्त रास्ता से जोड़ने हेतु अन्य कोई नजदीक में कल्पिक रास्ता उपलब्ध नहीं है। अधिवक्ता की बहस पर मनन किया गया। त्रावली पर उपलब्ध जमाबंदी, नक्शा ट्रैस का अवलोकन किया। प्रार्थी को अपने तेदारी के खेत खसरा नम्बर 139 रकबा 27 बीघा 2 बिस्वा व खसरा नं. 139/1 कबा 11 बीघा 8 बिस्वा की भूमि ग्राम सदावतां पटवार क्षेत्र बैगटी कलां तहसील लोदी में जाने हेतु अप्रार्थी संख्या 1 के खेत खसरा नम्बर 127 रकबा 37.05 बीघा से प्रस्तावित रास्ते के अलावा अन्य कोई सुगम रास्ता नहीं है। जो नजरी नक्शा स्पष्ट है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है।

आदेश

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 251ए राजस्थान काश्तकारी धिनियम स्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण को अपने खसरा नम्बर 139 रकबा 27 घा 2 बिस्वा व खसरा नं. 139/1 रकबा 11 बीघा 8 बिस्वा की भूमि ग्राम दावतां पटवार क्षेत्र बैगटी कलां तहसील फलोदी तक पहुंचने के लिये खसरा म्बर 127 रकबा 37.05 बीघा गै. मु. मगरा में से पटवारी हल्का बैगटी कलां द्वारा ारी नकल नक्शा ट्रेस दिनांक 06.10.2015 के अनुसार 15 फीट चौडा व मार्क सी डी तक लंबाई माप कर रास्ता के उपयोग में आ रही भूमि की डीएलसी दर से गुनी राशि तहसीलदार फलौदी प्रार्थीगण संख्या 01 ता 03 को ज्ञात करवाये। ार्थीगण द्वारा डीएलसी की दुगनी ज्ञात राशि तहसील कार्यालय फलौदी में जमा रवायी जाने के पश्चात प्रार्थीगण को प्रस्तुत नजरी नक्शा में मार्क सी से डी की रमीम कर रास्ता प्रार्थी को दिलावे। पटवारी हल्का बैगटी कलां द्वारा जारी नकल क्शा ट्रेस दिनांक 06.10.2015 निर्णय का भाग रहेगा

निर्णय आज दिनांक 07/11/19..... को सरे इजलास सुनाया गया।

यशपाल अहूजा (आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी
फलोदी (जोधपुर)

Scanned by CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Yashpal Ahuja
Date: 2019.12.11 11:00:47 IST
Reason: SelfAttested
Location: